## महिला उत्पीड़न परिवेदना निवारण एवं छात्रा कल्याण समिति

## पी0एन0जी0 राजकीय स्नात0 महाविद्यालय, रामनगर नैनीताल उत्तराखण्ड

### आख्या 2021–22

महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों के अर्न्तगत प्राचार्य जी की अध्यक्षता एवं आदेश के अनुपालन में दिनांक 20–12–2021 को महिला उत्पीड़न परिवेदना निवारण एवं छात्रा कल्याण समिति का गठन किया गया। इस समिति की संयोजिका डॉ0 प्रीति त्रिवेदी एवं डॉ0 अनीता जोशी उपसंयोजक तथा डॉ0 अनुमिता अग्रवाल एवं डॉ0 कृष्णा भारती सदस्य रूप में चयनित हुए। इस समिति की प्रथम बैठक दिनांक:24–12–2021 को आहूत की गयी जिसमें समिति के अर्न्तगत होने वाले कार्यो पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई । बैठक में सम्बन्धी विभिन्न बिन्दुओं पर सहमति व्यक्त की गयी, जिसमें घटना के उपरान्त शिकायत दर्ज करने हेतु समयावधि एवं उसके उपरान्त कृत कार्यवाही, जॉच रिपोर्ट का प्रस्तुतिकरण तथा गवाहों की पहचान, गोपनीयता सम्बन्धी नियमों पर चर्चा की गयी। समिति की द्वितीय बैठक दिनांक:28–02–2022 को आहूत की गयी, जिसमें कार्यक्षेत्र में यौन उत्पीड़न के विविध पक्षों एवं उसके कारणों पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्षेत्र के वातावरण को चिन्तामुक्त, अभीप्रेरणात्मक एवं रचनात्मक बनाने के उपायों तथा लिंगभेद मुक्त एवं समतामूलक वातावरण के निर्माण पर जोर दिया गया।

प्रतिहस्ताक्षरित

प्राचार्य

Principal
Goverment P. G. College
Ramnagar (Nainital)

संयोजक

महिला उत्पीड़न परिवेदना
निवारण एवं छात्रा कल्याण समिति